# (वाद सं0–5273/4/6/2020)

01.07.2021

प्रसंगाधीन मामला, करोना महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण अनुसूचित जाति के मुसहर कॉमनिटी के एक आठ वर्षीय बच्चे, राकेश, की आरा में हुई मृत्यु से संबंधित International Social Hearing and Human Rights Council E210 Datta Chaya MB Estate Kabutar Khana Viran West Thane Maharashtra 401303 के प्रतिवेदन पर विचार किया जा रहा है।

उक्त के संबंध में जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा से प्रतिवेदन की मांग की गयी। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि प्रसंगाधीन घटना के संबंध में इनके द्वारा नगर आयुक्त, आरा तथा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा के द्विसदस्यीय दल द्वारा जांच करायी गयी।

उक्त द्विसदस्यीय जांच दल द्वारा अपनी जांच प्रतिवेदन में निम्नलिखित तथ्य उल्लेखित किया गया हैः–

‘‘ प्रासंगिक पत्र के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी दय वार्ड नं0–40 जवाहर टोला मुसहर टोली में राकेश कुमार उर्फ राहुल के मृत्यु के कारणों की जॉच हेतु स्थल पर पहुँचे।

वहां जाने पर आस–पास के स्थानीय निवासियों से मृतक के घर का पता किया गया जो बस स्टैण्ड के पीछे दक्षिण तरफ निर्माणाधीन ओबरब्रीज के तरफ मुख्य सड़क से सटे अवस्थित मुसहर समुदाय की बस्ती में गली के अंदर था।

मृतक का नाम राकेश कुमार उर्फ राहुल था तथा उसके पिता का नाम श्री दुर्गा मुसहर है जो पोलदारी का काम करते थे उनके कथनानुसार मृतक राकेश कुमार उर्फ राहुल विगत तीन चार दिनों से ज्वर एवं दस्त से पीड़ित था। उसका ईलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया था। उसकी चिकित्सा चल रही थी कि इसी कम में दिनांक–28.03.2020 को उसकी हालत अचानक खराब हुई एवं उसकी मृत्यु हो गई। जांच के क्रम में आरा नगर निगम की महापौर , श्रीमति रूबी कुमारी से मुलाकात हुई जो उनके घर पर नगर निगम के महापौर के नाते पूछ–ताछ के लिए आयी हुई थी। उसके द्वारा बताया गया कि उसकी मृत्यु ज्वर एवं दस्त के कारण हुई है।’’

उक्त जांच प्रतिवेदन से यह प्रतीत होता है कि वार्ड संख्या–40 जवाहर टोला, मुसहर टोली के राकेश कुमार उर्फ राहुल की मृत्यु ज्वर एवं दस्त के कारण दिनांक–28.03.2020 को सरकारी अस्पताल में चिकित्सा के दौरान हुई थी।

उपरोक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा के उपरोक्त प्रतिवेदन को स्वीकार कर राज्य आयोग के स्तर से प्रसंगाधीन मामला, को संचिकास्त किया जाता है।

कार्यालय, आज पारित आदेश के साथ जिला पदाधिकारी, भोजपुर, आरा के प्रतिवेदन की प्रति संलग्न कर तद्नुसार (परिवाद–पत्र में अंकित e-mail- ishahrcofficial@gmail.com के माध्यम से भी) परिवादी को सूचित कर दिया जाय।

**(उज्ज्वल कुमार दुबे)**
**सदस्य**

निबंधक